वेटरनरी विश्वविद्यालय – दो दिवसीय युवा महोत्सव "तरंग 23" का आयोजन

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में 15–16 म ई 2023 को दो दिवसीय युवा महोत्सव तरंग 23 का आयोजन माननीय कुलपति प्रो. सीता प्रसाद तिवारी जी की मुख्य संरक्षणता/अध्यक्षता में जबलपुर कॉलेज की मेजबानी में किया जा रहा है। जिसमें विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित तीन पशु चिकित्सा महाविद्यालय तथा मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय भाग लेंगे। कार्यक्रम में 'मुख्य आतिथि डॉ. के.एम.एल. पाठक' पूर्व उप महानिदेशक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली एवं पूर्व कुलपति दुवासु विश्वविद्यालय, मथुरा तथा विशिष्ट अतिथि कुलपति, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर प्रो. कपिल देव मिश्रा, कुलपति जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर प्रो. पी.के. मिश्रा एवं कुलपति, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा प्रो. राजकुमार आचार्य होंगे।

कार्यक्रम दिनांक 15 मई रात 8:00 बजे से प्रारंभ होंगे जिसमें निम्न प्रतियोगिताएं फाइन आर्ट्स लिटरेरी तथा सांस्कृतिक के तहत विभिन्न विधाएं जैसे पोस्टर मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, पेंटिंग, रंगोली एलोक्यूशन, डिबेट, ग्रुप सॉन्ग, ग्रुप डांस माइन आदि रहेंगे।

इस युवा महोत्सव की अध्यक्षता मेजबान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा तथा संयोजक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. आदित्य मिश्रा होंगे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर